Sl. No. :

MHNSC-4.3

Total No. of Pages : 2

Fourth Semester M.A. Degree Examination, November - 2024

(SLM - Scheme) (CBCS)

हिन्दी (HINDI)

Cousrs - V : DALIT SAHITYA

प्रश्नपत्र - V : दलित साहित्य

Time : 3 Hours **Max. Marks : 80**

Note : ***All sections are compulsory.***

SECTION - A

किन्हीं चार की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **[4 × 5 = 20]**

1) 'परीक्षा होने दो रिजल्ट बता देगा कि उपहास का पात्र कौन है । तुम देखना रजनी मातापुर का फटे कुर्तेवाला यह गरीब लडका सबसे अच्छे नंबरों में पास होगा ।

2) ''यह आपकी ही कृपा और दयालुता कहिए कि आरक्षण कोटे से एक सूअर और एक गधा भी विभाग में आ घुसा, अन्यथा पिछले सात साल से यह दोनों आरक्षित पोस्ट भरी ही नहीं जा रही थी ।''

3) ''आखिर मेरे निर्दोष बच्चों ने इनका क्या बिगाडा है? अभी तो ये धरती पर आई भी नहीं हैं । आखिर क्यों ये इनके जानी दुशमन बन चुके हैं?''

4) मकान किराये पर लेने के लिए तो जाति का अपना महत्त्व है? जाति के बिना समाज नहीं हो सकता, जाति के बिना इनसान नहीं हो सकता, जाति की जानकारी के बिना सामाजिक व्यवहार नहीं हो सकता ।''

5) वह दिन कब आएगा जब बामनी नहीं जनेगी बामन, चमारी नहीं जनेगी चमार, भंगिन भी नहीं जनेगी भंगी ऐसा ही तब–तब नहीं चुनेंगे जातीय हीनता के दंश ।

6) ओ, मेरे अज्ञात अनाम पुरखो तुम्हारे मूक शब्द जल रहे है दहकती राख की तरह राखः जो लगातार काँप रही है रोष से भरी हुई । मैं जानना चाहता हूँ तुम्हारे शब्द ..... तुम्हारा भय ..... जो तमाम हवाओं के बीच भी जल रहे हैं दीये की तरह युगों–युगो से ।

SECTION - B

किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए : [3 × 10 = 30]

7) 'शिकंजे का दर्द' आत्मकथा में अभिव्यक्त स्त्री जीवन पर प्रकाश डालिए ।

8) 'छप्पर' उपन्यास में चित्रित प्रमुख पुरुष पात्रों का विश्लेषण कीजिए ।

9) 'बस्स बहुत हो चुका' कविता की मूल संवेदना पर प्रकाश डालते हुए, शीर्षक की सार्थकता पर विवेचन कीजिए ।

10) 'रजत रानी मीनु की 'बेटी' कहानी की कथ्यगत विशेषताओं का विश्लेषण कीजिए ।

11) हिन्दी दलित साहित्य के उद्भव और विकास पर एक लेख लिखिए ।

SECTION - C

किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए : [2 × 15 = 30]

12) 'छप्पर' उपन्यास में चित्रित दलित मुक्ति और संघर्ष के विभिन्न आयामों पर चर्चा कीजिए ।

13) हिन्दी दलित आत्मकथाओं में 'शिकंजे का दर्द' का साहित्यिक महत्त्व और स्थान पर विश्लेषण कीजिए ।

14) हिन्दी दलित साहित्य के प्रमुख साहित्यकार और उनकी रचनाओं पर एक लेख लिखिए ।

15) नीलम जी की कहानी 'किराए का मकान' में अभिव्यक्त सामाजिक समस्याओं पर प्रकाश डालिए ।

⌘⌘⌘